सीडीएफडी
सेंटर फॉर डीएनए फिंगर प्रिंटिंग एंड डायाग्नोस्टिक्स
कार्यालय ब्लॉकः दूसरी मंजिल, ब्लॉक नं. 7, गृहकल्प कॉम्प्लेक्स, एमजे रोड, नामपल्ली,
हैदराबाद 500 001, फोनः +91–40–24749451 फैक्सः +91–40–24749490, www.cdfd.org.in

विज्ञापन सं. 3/2011

सेंटर फॉर डीएनए फिंगर प्रिंटिंग एंड डायाग्नॉस्टिक्स (सीडीएफडी), हैदराबाद, बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित समितियां अधिनियम के अंतर्गत एक प्रीमियर स्वायत्तशासी आर एंड डी संस्थान है। इसकी स्थापना डीएनए फिंगर प्रिंटिंग, डीएनए डायाग्नॉस्टिक्स तथा आधुनिक बायोलॉजी के अन्य आधुनिक क्षेत्रों को अपनी सेवाएं प्रदान करने तथा अनुसंधान एवं विकास गतिविधियां संचालित करने के लिए की गई है।

सीडीएफडी नीचे उल्लिखित रिक्तियों को पूर्णतया अनुबंध आधार पर भरने का इच्छुक है। नियुक्ति की अवधि छह महीने के अंतराल में बढ़ाई जा सकेगी। अनुबंध पर पदों के लिए सीडीएफडी की पॉलिसी के अनुसार समेकित मासिक परिलब्धियों की गणना केन्द्र सरकार के पद में समतुल्य वेतन की 145 प्रतिशत की दर पर की जाती है। इसमें मूल वेतन, महंगाई भत्ता (डीए), परिवहन भत्ता (टीए), (45 प्रतिशत लोडिंग एचआरए, मेडिकल, एलटीसी, टर्मिनल लाभों आदि के रूप में की गई है) शामिल है। नीचे दी गई प्रत्येक रिक्ति के लिए समतुल्य केन्द्र सरकार वेतनमान/वेतन बैंड कोष्ठक में दर्शाया गया है।

नीचे दी गई प्रत्येक रिक्ति के सामने उल्लिखित समेकित परिलब्धियों की गणना महंगाई भत्ते की वर्तमान दर अर्थात 58 प्रतिशत पर की गई है।

1. जूनियर मैनेजरियल असिस्टेंट

(वेतन बैंड–1, 5200–20200 रुपये, ग्रेड वेतन 2800 रुपये के पद के समतुल्य)

आयुसीमा: 18–30 वर्ष के बीच

समेकित परिलब्धियां : 29,692 रुपये

शैक्षिक योग्यताएं तथा अनुभव :

अनिवार्य योग्यताएं– स्नातक तथा सरकारी कार्यालय अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के निकाय अथवा ख्याति प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव अथवा (1) कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत स्थापित निजी क्षेत्र की कंपनी (अथवा कंपनियों) में तथा/अथवा (2) समितियां अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत संस्थान में समतुल्य अनुभव प्राप्त किया हो। साथ ही अंग्रेजी टाइपराइटिंग में 30 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी शार्टहैंड में 80 शब्द प्रति मिनट की गति हो।

प्रशासन : मैनेजमेंट विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

लेखा : वाणिज्य स्नातकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

स्टोर्स : स्टोर कार्य में प्रशिक्षण प्राप्त तथा इसकी जानकारी रखने वाले व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

2. जूनियर असिस्टेंट–1

(वेतन बैंड–1, 5200–20200 रुपये, ग्रेड वेतन 2400 रुपये के पद के समतुल्य)

आयुसीमा : 18–30 वर्ष के बीच

समेकित परिलब्धियां : 26,370 रुपये

शैक्षिक योग्यताएं तथा अनुभव :

अनिवार्य योग्यताएं – स्नातक तथा एक वर्ष का अनुभव। अंग्रेजी टाइपराइटिंग में 30 शब्द प्रतिमिनट तथा अंग्रेजी शार्टहैंड में 80 शब्द प्रति मिनट की गति हो।

लेखा पदों के लिए वाणिज्य स्नातकों को प्राथमिकता दी जाएगी। कम्प्यूटर/वर्ड प्रोसेसर आपरेशन की जानकारी वांछनीय है।

प्रशासन : फाइलों का रखरखाव, सुपरवाइजरों के मामले प्रस्तुत करना, उपस्थिति, छुट्टी, एलटीसी, बोनस, प्रोत्साहन लाभ प्रदान करने, परिवीक्षा अवधि, कार्यालय रिकार्ड एवं टेलीफोन बिलों का रखरखाव, टाइपिंग कार्य।

लेखा : सीवी, चैक, ड्राफ्ट तैयार करना, बिलों की वाउचिंग, नकद बहियां, खाते लिखना तथा टाइपिंग कार्य

3. लैब हेल्पर /अटेंडेंट

(वेतन बैंड–1, 5200–20200 रुपये, ग्रेड वेतन 1800 रुपये के पद के समतुल्य)

आयुसीमा : 18–30 वर्ष के बीच

समेकित परिलब्धियां : 17,412 रुपये

शैक्षिक योग्यताएं तथा अनुभव :

अनिवार्य योग्यताए : आईटीआई सर्टिफिकेट सहित मैट्रिकुलेशन (अथवा) मेडिकल/फार्मास्युटिकल/लैब टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा अथवा समतुल्य।

4. कार्यालय अटेंडेंट

(वेतन बैंड–1, 5200–20200 रुपये, ग्रेड वेतन 1800 रुपये के पद के समतुल्य)

आयुसीमा : 18–30 वर्ष

समेकित परिलब्धियां : 17,412 रुपये

शैक्षिक योग्यताएं तथा अनुभव :

अनिवार्य योग्यताए : मैट्रिकुलेशन (अथवा) समतुल्य

कार्य अपेक्षाएं : डाक बांटने की बाह्य ड्यूटी सहित कार्यालय/अनुभाग/लैब कार्य में मदद करना, कार्यालय फाइलों का रखरखाव करना, रिकार्ड साफ–सुथरा रखना, सुपरवाइजर द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य अर्थात बैंक कार्य अटेंड करना, फोटोकॉपी करना, फ्रेंकिंग मशीन, डुप्लीकेटिंग मशीन चलाना।

नोटः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, शारीरिक विकलांग तथा भूतपूर्व सैनिक आदि के मामले में भारत सरकार के आरक्षण मानदंड लागू होंगे।

आवेदन फार्म तथा विज्ञापन को विनियंत्रित करने वाली सामान्य शर्तें सीडीएफडी की वेबसाइट http://www.cdfd.org.in से डाउनलोड की जा सकती हैं। वैकल्पिक तौर पर खाली आवेदन फार्म तथा सामान्य शर्तें अपना पता लिखा एवं डाक टिकट लगा लिफाफा प्रमुख–प्रशासन का कार्यालय, सीडीएफडी, कार्यालय ब्लॉकः दूसरी मंजिल, ब्लॉक नं. 7, गृहकल्प कॉम्प्लेक्स एमजे रोड, नामपल्ली, हैदराबाद–500001 से भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख – रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 4 सप्ताह के भीतर।

ह./–
प्रमुख–प्रशासन
सीडीएफडी

रो.स. 32/85